कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-28.09.2024

विषयः- **"थाना समाधान दिवस" के अवसर पर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्री चन्द्रकान्त मीना द्वारा थाना शिवपुर में मौके पर उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया।**

आज दिनांक-28.09.2024 को माह के चतुर्थ शनिवार को वरुणा जोन के सभी थानों पर "थाना समाधान दिवस" का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्री चन्द्रकान्त मीना ने थाना शिवपुर में जनशिकायतों को सुना। पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन महोदय द्वारा राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किये जाने हेतु बताया गया। पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर में अंकित करके दोनों पक्षों को सूचित करते हुए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा के अन्दर कराया जाए। पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक शिवपुर के साथ थाने पर उपस्थित उपनिरीक्षकगण को निर्देशित किया गया कि थाना दिवस पर प्राप्त समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय सीमा के अन्दर किया जाय तथा जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, उनका सम्बन्धित विभाग/उच्चाधिकारीगण कार्यालय के माध्यम से निस्तारण करायें।

वरुणा ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन राजस्व व पुलिस अधिकारियों द्वारा किया गया एवं थाना समाधान दिवस में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।